**मुख्य समाचार''**

- केन्द्र सरकार द्वारा मांगें स्वीकार किए जाने के बाद कॉक्रोच जनता पार्टी ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।
- निवेश अनुकूलता सूचकांक में हिमाचल प्रदेश ने पर्वतीय और उत्तर पूर्वी राज्यों में हासिल किया तीसरा स्थान।
- प्रदेश में जल शुद्धिकरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए लागू होगी 2 हज़ार करोड़ रूपए की व्यापक योजना।
- कांग्रेस सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा अगले माह शुरू करेगी बड़ा जन आंदोलन।
- प्रदेश में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी– अगले 48 घंटों में कुछ ज़िलों में वर्षा का यलो अलर्ट।

**बातचीत**

केन्द्र सरकार द्वारा मांगें स्वीकार किए जाने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी–सी.जे.पी. ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा कर दी है। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने आज सी. जे.पी. प्रतिनिधिमंडल के साथ तीसरे दौर की वार्ता की, जिसमें परीक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों से संबंधित मुख्य मांगों पर चर्चा की गई। नड्डा ने कहा कि सी.जे.पी. की इस मांग को स्वीकार कर लिया गया है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की जाएगी।

आत्महत्या करने वालों को मुआवज़े के मुद्दे पर नड्डा ने कहा कि सरकार नियमों और विनियमों के अनुसार अधिकतम मुआवज़ा सुनिश्चित करेगी।

**इस्तीफा**

इस बीच, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री को भेजे त्यागपत्र में धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि उन्होंने त्याग–पत्र इसलिए दिया ताकि जंतर–मंतर और देश में जो वर्तमान स्थिति बनी है उसका राष्ट्र विरोधी ताकतें लाभ न उठा सकें।

**उपलब्धि**

हिमाचल प्रदेश ने निवेश अनुकूलता सूचकांक 2026 में पर्वतीय और उत्तर पूर्वी राज्यों में तीसरा स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने और निवेशकों का विश्वास मज़बूत करने के लिए किए गए प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने लगातार बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान पर विशेष बल देते हुए व्यापार सुगमता को बढ़ावा दिया है। वहीं उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि ये उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए किए गए प्रयासों की महत्वपूर्ण मान्यता है।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि जलशक्ति विभाग में इस वित्त वर्ष में 4 हज़ार पद भरे जाएंगे। ऊना ज़िले में हरोली के पालकवाह में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार विभाग को सुदृढ़ बनाने सहित युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाने पर विशेष ज़ोर दे रही है। अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता सुधारने और जल शुद्धिकरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए करीब

2 हज़ार करोड़ रूपए की व्यापक योजना लागू की जाएगी। उन्होंने ये भी ऐलान किया कि अगले वर्ष से जलशक्ति विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की जाएगी।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ज़िले में सुन्नी पेयजल योजना का 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने आज सुन्नी में एक कार्यक्रम में बताया कि अगले एक माह के भीतर ये योजना जनता को समर्पित कर दी जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और सुन्नी बस डिपो को 10 नई इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सुन्नी–लुहरी सड़क के विस्तारीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विदेश से एम.बी.बी.एस. करने वाले स्नातकों की इंटर्नशिप अवधि एक वर्ष करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोविड–19 महामारी में उत्पन्न अपरिहार्य परिस्थितियों के चलते ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अध्ययन करने वाले स्नातकों को एक वर्ष की इंटर्नशिप की अनुमति प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं। शिमला में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित विद्यार्थियों की चिंताओं का समाधान निष्पक्ष, व्यावहारिक और छात्र हितैषी दृष्टिकोण के साथ करेगी।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि जन समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करना सरकार की प्राथमिकता है। घुमारवीं में जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार न केवल जन समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है बल्कि इनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। धर्माणी ने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**भाजपा**

भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ आगामी अगस्त महीने से बड़ा जन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। शिमला में आज हुई एक बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कथित जन विरोधी नीतियों के विरोध में भाजपा मण्डल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जन आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा विभिन्न मुद्दों को जनता के बीच ले जाएगी और सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

इस अवसर पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि चुनावी वायदे पूरा न कर कांग्रेस सरकार ने जनता को निराश किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हुए हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों ने जनता ने परिवर्तन की शुरूआत कर दी है और भाजपा इस जनादेश को अंजाम तक पहुंचाएगी।

**बैठक**

स्थानीय निधि लेखा समिति की बैठक समिति के सभापति संजय रतन की अध्यक्षता में आज शिमला स्थित विधानसभा परिसर में हुई। इस बैठक में ठियोग में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति छात्रावास भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। समिति ने शिक्षा विभाग को एक माह के भीतर छात्रावास भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन कर इसे हिमुडा को सौंपने के निर्देश दिए हैं। समिति ने हिमुडा को इस भवन का निर्माण अपने संसाधनों से एक वर्ष के भीतर करने को कहा है।

**शोक**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पिछले कल उदयपुर–किलाड़ सड़क मार्ग पर कडूनाले के समीप हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक संदेश में उन्होंने मृतकों के परिजनों से गहरी संवेदना जताई है। पठानिया ने आम लोगों से बरसात के मौसम में अनावश्यक यात्राओं से बचने और ऐहतियात बरतने का आह्वान किया है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 36वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी चैनलों, ए.आई.आर. न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। कांगड़ा ज़िले में हाल ही में हुई मूसलाधार वर्षा व बादल फटने की घटनाओं से अब तक करीब 80 करोड़ रूपए के नुकसान का प्रारंभिक आकलन किया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि सभी विभागों को राहत व पुनर्बहाली के कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान कुछ ज़िलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केन्द्र सरकार द्वारा मांगें स्वीकार किए जाने के बाद कॉक्रोच जनता पार्टी ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।
- निवेश अनुकूलता सूचकांक में हिमाचल प्रदेश ने पर्वतीय और उत्तर पूर्वी राज्यों में हासिल किया तीसरा स्थान।
- प्रदेश में जल शुद्धिकरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए लागू होगी 2 हज़ार करोड़ रूपए की व्यापक योजना।
- कांग्रेस सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा अगले माह शुरू करेगी बड़ा जन आंदोलन।
- प्रदेश में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी– अगले 48 घंटों में कुछ ज़िलों में वर्षा का यलो अलर्ट।